वाणिज्य में स्नातक
(बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. ई. -142: प्रबंध लेखांकन

सत्रीय कार्य
2021–22

षष्टम सत्र

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. ई. -142: प्रबंध लेखांकन

सत्रीय कार्य

2021–22

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अतिलघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2022 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2022 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2022 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2022 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	:	**बी. सी. ओ. ई. -142**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	**प्रबंध लेखांकन**
सत्रीय कार्य का कोड	:	**बी.सी.ओ. ई.-142/टी. एम. ए./2021- 22**
खण्डों की संख्या	:	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – क

1. प्रबंध लेखांकन को परिभाषित कीजिए। इसके उद्देश्यों और प्रकृति का वर्णन कीजिए। (2+4+4)

2. लागत नियंत्रण की क्या विशेषताएं हैं? इसके लाभों और हानियों को स्पष्ट कीजिए। (2+4+4)

3. प्रवृत्ति विश्लेषण का क्या अर्थ है ? वित्तीय ब्यौरों के निरिक्षण के लिए विभिन्न प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिए। **(10)**

4. बजटिंग के क्या उद्देश्य हैं? इसके लाभों और सीमाओं का वर्णन कीजिए। प्रभावी बजटिंग के मूल तत्वों को सूचीबद्ध कीजिए। (2+3+3+2)

5. मानक लागत लेखांकन संकल्पना स्पष्ट कीजिए। मानक लागत लेखांकन की सफलता के आवश्यक तत्वों का वर्णन कीजिए। (2+8)

खण्ड – ख

6. उपयुक्त उदाहरण की सहायता से सामग्री मिश्रण विचरण का वर्णन कीजिए। **(6)**

7. उपयुक्त उदाहरण की सहायता से सीमान्त लागत लेखांकन संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। **(6)**

8. समविच्छेद बिंदु का क्या अर्थ है ? निम्नलिखित आंकड़ों की सहायता से समविच्छेद बिंदु की गणना कीजिए: (2+4)

विक्रय मूल्य = रु 3 प्रति इकाई

परिवर्त्ति लागत = रु 2 प्रति इकाई

स्थिर लागत = रु 90, 000

निश्चित काल के लिए अनुमानित बिक्री = 100,000 इकाई अथवा रु. 3,00,000

9. मूल्य निर्धारण निर्णय को प्रभावित करने वाले आंतरिक और बाह्य कारकों की व्याख्या कीजिए। **(6)**

10. जवाबदेही लेखांकन के उपयोगों को स्पष्ट कीजिए। **(6)**

खण्ड – ग

11. **निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए** **(10)**

क) लागत लेखांकन और प्रबंध लेखांकन

ख) संचय और प्रावधान

ग) मूल्य परिवर्तनशीलता और मात्रा परिवर्तनशीलता

घ) श्रमकार्यहीन समय विचरण और श्रम मिश्रण विचरण

12. **निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए:** **(10)**

क) स्थिर उपरिव्यय परिवर्तनशीलता

ख) लाभ मात्रा अनुपात

ग) विक्रय मिश्र निर्णय

घ) पर्यावरणीय लेखांकन